>

Title: Request to include Gopalganj in the list of aspirational district for its development.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): धन्यवाद, सभापति महोदया ।

महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र जिला गोपालगंज को एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स की लिस्ट में जोड़ने के लिए आपके माध्यम से सरकार से आग्रह कर रहा हूं । गोपालगंज एक कृषि आधारित क्षेत्र है । किसान भाई एवं बहुत सारे परिवार केवल कृषि एवं गन्ने की खेती पर आश्रित हैं । वहां युवा वर्ग के लिए रोजगार की भी समस्या है । स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन एवं बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सहायता की अत्यंत आवश्यकता है । हर साल जिले में बाढ़ की विभीषिका से जान-माल एवं सम्पत्ति का नुकसान एक बहुत ही दयनीय स्थिति पैदा कर देती है । इन सब समस्याओं एवं इन्डेक्स के पैरामीटर्स को ध्यान में रखते हुए, मैं आपके माध्यम से मिनिस्ट्री ऑफ प्लानिंग और नीति आयोग से आग्रह करता हूं कि गोपाल गंज जिले को एस्पिरेशनल जिलों की लिस्ट में शामिल किया जाए, ताकि इस अविकसित जिले का विकास हो सके ।